दिनांक 20.10.2020 स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव के प्रयासों से निगम के विभिन्न क्षेत्रों में हो रहा है डोम शेड का निर्माण, डोम शेड के बनने से सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ आसान

भिलाईनगर/ वार्ड स्तर पर डोम शेड के निर्माण से सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन सुविधाजनक हो गया है। लोग शेड के नीचे आसानी से छोटे-बड़े कार्यक्रम पंडाल के खर्च के बिना संपन्न कर रहे हैं। महापौर व भिलाई नगर विधायक श्री देवेन्द्र यादव ने लोगों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए रामनगर मुक्तिधाम और कब्रस्तिान सहित अन्य स्थानों में डोम शेड बनाने का निर्णय लिया था। अब उसकी उपयोगिता को ध्यान रखते हुए वार्डों में खाली जगह को मंच और डोम शेड के रूप में विकसित किया जा रहा है। आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने निर्माण कार्य में तेजी लाने एवं गुणवत्ता के ध्यान रखने के निर्देश दिए है! अब तक निगम क्षेत्र के कई स्थानों पर डोम शेड का निर्माण किया जा चुका है। जहां गणेशोत्सव, दुर्गाेत्सव सहित अन्य सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रम संपन्न हो रहा है। जोन- 2 वैशाली नगर के अंतर्गत राम नगर मुक्तिधाम में 22 लाख की लागत से डोम शेड बनाया गया है। इसके निर्माण से एक साथ 3-4 श्रद्धाजंलि सभा का आयोजन सहजता से हो जाता है। शेड के अभाव में पहले श्रद्धांजलि सभा कक्ष में केवल एक परिवार ही सभा का आयोजन कर पाते थे। एक साथ दो सभा होने पर भीड़ की स्थिति निर्मित हो जाती थी। इसी प्रकार 25 लाख की लागत से रामनगर मुक्तिधाम में डोम शेड , वैशाली नगर में 10-10 लाख की लागत से शेड , हाउसिंग बोर्ड एवं घासीदास नगर में 4 स्थानों पर डोम शेड बनाया गया है। रामनगर मुक्तिधाम स्कूल प्रागंण में 20 लाख की लागत से डोम का निर्माण किया जा रहा है। शांति नगर दशहरा मैदान में 10 लाख की लागत से बनाया जाना प्रस्तावित है। जोन 05 अंतर्गत सेक्टर-6 एवं सेक्टर-10 में 26 - 26 लाख की लागत से निर्माण किया गया है। सेक्टर- 6 एवं सेक्टर-7 में 26 - 26 लाख की लागत से प्रस्तावित डोम शेड निर्माणधीन है। जोन - 3 के अंतर्गत सेक्टर-4 में एक डोमशेड प्रस्तावित है। सेक्टर-1 एवं 2 में 3-3 लाख की लागत से विभिन्न स्थानों पर शेड निर्माण किया जा रहा है। जोन क्रमांक 4 में वार्ड-28 मंगल बाजार छावनी और वार्ड- 37 में 20-20 लाख की लागत से डोम शेड बनाया जा रहा है। वार्ड 36 पोस्ट ऑफिस के सामने और वार्ड-35 बाबा बालक नाथ मंदिर के सामने 35-35 लाख, नवीन कॉलेज ग्राउंड में 30 लाख, वार्ड- 31 शर्मा आश्रम, दुर्गा मंदिर के सामने 20 लाख, वार्ड-35 दुर्गा मंदिर के सामने 15 लाख, छावनी लक्ष्मण तालाब के परिसर में 11 लाख और वार्ड-30 साईं मंदिर प्रांगण बालाजी नगर में 25 लाख की लागत से डोम शेड का निर्माण कार्य प्रस्तावित है और कुछ निविदा प्रक्रिया में है।